# डीबी अस्पताल में अव्यवस्था को लेकर भाजयुमो का प्रदर्शन, चिकित्सकों ने किया कार्य बहिष्कार

**चूरू, (कासं)।** भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष मदन गोपाल बालान के नेतृत्व में राजकीय डीबी अस्पताल में अव्यवस्थाओ के लिए विरोध प्रदर्शन कर अस्पताल अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा।

भाजयुमो के जिलाध्यक्ष मदन गोपाल बालान ने बताया कि अस्पताल में साफ सफाई कि व्यवस्था चरमराई है। जिसे सुचारू रूप से सुधार करें। लैब में जांच उपकरणों की संख्या बढ़ाई जाये ताकि जांच जल्द से जल्द हो सके। वार्ड में सफाई कर्मियों कि संख्या बढ़ाई जाये। बदलते मौसम को देख पर्चियों के पंजीयन काउंटर बढाये जाये। आपालकाल वार्ड के आगे पार्किंग की अव्यवस्थाओं में सुधार करें और डाक्टरों की पार्किंग व्यवस्था अलग की जाये। परिसर में सीसीटीवी केमरा लगवाये जाये। बल्ड बैंक में कैम्प लगवाने के बावजूद मरीज को जरूरत होने पर भी ब्लड नहीं मिल पाता जिस पर ध्यान दिया जाये। सभी वार्डों में बैंडशीट की पर्याप्त व्यवस्था किए जाने संबंधी ग्यारह सूत्री मांगों पूरा करके अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं का



चिकित्सकों ने कार्य का बहिष्कार कर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

विस्तार किया जाने की मांग रखी। इसी दौरान भाजयुमों ने आंदोलन करने की बात कही। जिले के सबसे बड़े अस्पताल में बुधवार को चिकित्सक व भाजयुमो कार्यकर्ता आमने.सामने हो गए दोनों के बीच कई बार जमकर बहस होने से माहौल भी गरमाया।

सूचना मिलने पर सीओ सिटी चूरु राजेंद्र बुरड़क व अस्पताल चौकी प्रभारी अलका विशनोई सहित पुलिस का भारी जाब्ता तैनात रहा। भाजयुमो कार्यकर्ताओं का कहना था कि अस्पताल में सफाई व्यवस्था बिगड़ी हुई है। सफाई नहीं होने से मरीज के परिजनों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने अस्पताल परिसर में अस्पताल में अव्यस्था का लेकर नारेबाजी की तो चिकित्साकों ने कार्य बहिष्कार कर दिया। भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने बताया कि अस्पताल आउटडोर के बाहर नारेबाजी करना गलत है। चिकित्सकों ने कार्य का बहिष्कार करने से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। दीपचंद ने सफाई व्यवस्था को सुधारने की बात कहीं। प्रधान राहड़ ने कहा कि आप लोग कार्य का बहिष्कार कर रहे हो तो अस्पताल में मरीजों को कौन देखेगा। प्रेस वार्ता में भाजयूमो के जिलाध्यक्ष मदन गोपाल ने कहा कि कार्यकर्ताओं ने अस्पताल में लोगों की मांग पर 11 सूत्री मांगों को लेकर अस्पताल में विरोध प्रदर्शन कर अस्पताल अधीक्षक को ज्ञापन देने गये तो प्रदर्शन के दौरान देवतूल्य माने जाने वाले चिकित्सकों द्वारा भाजयूमो के कार्यकर्ताओं पर गुण्डागर्दी करने का आरोप लगाया और चिकित्सकों को कार्य बहिष्कार करना अशोभनीय है। बल्कि भाजयूमो के कार्यकर्ता अस्पताल के बाहर आमजन की समस्याओं को लेकर शांतीपूर्ण व लोकत्रातिंक तरीके से प्रदर्शन कर रहे थे। चिकित्सकों का कार्यकर्ताओं पर इस तरह का आरोप लगाना बेबूनियाद है।

नगर मण्डल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत ने बताया कि जब अस्पताल प्रशासन चिकित्सकों व कार्यकर्ताओं के बीच शांतीपूर्ण वार्ता होने के बाद अस्पताल में हजारों मरीजों को छोड़कर सभी चिकित्सक जिला कलेक्टर को ज्ञापन देने चले गये है। जो गलत बात है। जिसके कारण मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। लोग चिकित्सकों को भगवान का रूप मानते है। इस अवसर पर जिला महामंत्री कपिल रक्षक, पूर्व अध्यक्ष विष्णु सोनी, विनायक बागड़ा, रजत शर्मा, दीनदयाल सैनी, आदिल खान, गोविन्द शर्मा, शक्ति सिंह थैलासर, राघव शर्मा, कमल सैनी, राहूल शर्मा, लक्की शर्मा, आकाश मेघवाल, रजत विनायक सहित आदि मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बॉक्सिंग प्रतियोगिता का समापन, विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी व मेडल



धानोठी छोटी गांव के उच्च माध्यमिक विद्यालय में बॉक्सिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया।

**सादुलपुर, (निसं)।** बुधवार को जिले के उत्तरी छोर पर स्थित गाँव धानोठी छोटी के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 66वीं जिला स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का समापन हुआ। वहीं माध्यमिक/उच्च माध्यमिक 17/19 वर्ष के छात्र-छात्राओं के अलग-अलग भार वर्ग के फाइनल मुकाबले बुधवार को खेले गए। जिसमें रा.उ.मा. विद्यालय धानोठी छोटी के रौनक व योगेश, रा.उ.मा. विद्यालय ताम्बाखेडी की खिलाडी सोनिका व धापली, गोगासर (रतनगढ) के विद्यालय की आकांक्षा, पहाडसर विद्यालय के आर्यन, भुवाडी विद्यालय के कार्तिक पूनिया विजेता रहे। वहीं विजेताओं को ट्राफी व मेडल से सम्मानित किया गया।

समापन समारोह में ताम्बाखेडी ग्राम पंचायत के सरपंच बलबीर मेहरा, एडवोकेट हरदीप सुंदरिया, चाननमल फौजी, सतीश महला, काशी नायक, रामकुमार खींचड व एडवोकेट महिपाल सुंदरिया सहित बडी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल हुए। विद्यालय प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु सभी का धन्यवाद दिया। वरिष्ठ अध्यापक वासुदेव शर्मा ने मंच संचालन किया। आयोजन में शिक्षक धर्मवीर टांडी, गंगाराम, महेंद्र महला, महावीर जांगिड, वेदपाल पूनिया, जीतेन्द्र, बीरबल राम, धर्मवीर सिहाग, सुल्तान सिंह, अशोक सिहाग, रुघवीर, जगदीश, वेदपाल सुंदरिया सहित पीटीआई मुकेश कुमार और उनकी टीम का सक्रिय सहयोग रहा। विजेता खिलाडी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे।

# 'कागजों में नहीं, हकीकत में दें अधिकार, तभी सशक्त होगा पंचायतराज'

**झुंझुनूं, (निसं)।** आगामी बजट के लिए राज्य सरकार द्वारा हर वर्ग के लोगों से चर्चा की जा रही है। इसी क्रम में ग्रामीण जनप्रतिनिधियों के साथ भी जयपुर में चर्चा हुई। जिसमें प्रधान संघ के प्रदेश अध्यक्ष व नवलगढ़ प्रधान दिनेश सुंडा ने प्रधानों की तरफ से बात रखी और सरकार से निवेदन किया कि आगामी

■ **बजट पूर्व चर्चा में दिनेश सुंडा ने रखी प्रधानों की मांग**

बजट में इन मांगों पर ध्यान दिया जाए।

प्रधान सुंडा ने कहा कि कहने को पांच विभाग शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और महिला-बाल विकास विभाग पंचायतराज को दिए हुए है। लेकिन इनके फंड, फंक्शन और फंक्शनरी, कुछ भी पंचायतराज के पास नहीं है। इन्हें पूर्णरूप से पंचायतराज को सौंपे जाए। अक्सर देखने में आता है कि बड़े प्रोजेक्ट्स के समय पेड़ों को काट दिया जाता है। काटे गए पेड़ों के बराबर पेड़ ना लगाने से पहले ही इन प्रोजेक्ट्स को सरकार हरी झंडी दे देती है। जबकि नियम यह बनाना चाहिए कि जब तक काटे गए पेड़ों के बराबर पेड़ नहीं लगते। तब तक इन प्रोजेक्ट्स को चलाने की अनुमति नहीं देनी चाहिए। जिससे ना केवल पर्यावरण संरक्षण को



ग्रामीण जनप्रतिनिधियों के साथ भी जयपुर में आयोजित चर्चा में प्रधान संघ के प्रदेश अध्यक्ष व नवलगढ़ प्रधान दिनेश सुंडा ने भाग लिया।

बढावा मिलेगा। बल्कि प्रोजेक्ट्स संचालक भी गंभीरता के साथ पौधे लगाएंगे। इसके अलावा पौधारोपण, खेल ग्राउंड डवलप और वायर फेंसिंग का बजट विधायक कोष से आवंटन को मंजूरी दी जानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि प्रधानों की मांग भी काफी समय से लंबित पड़ी है। इस दिशा में भी बजट में घोषणा होनी चाहिए। प्रधानों को अलग से वाहन, चालक, कार्यालय सहायक और पीएसओ उपलब्ध करवाया जाना चाहिए। वहीं प्रधान का मानदेय 8400 रूपए से बढाकर 50 हजार रूपए करने की मांग भी उठाई। वहीं पंचायत समिति सदस्यों का मानदेय भी 2000 रूपए करने तथा बैठक भत्ता प्रति बैठक के हिसाब से देने की बात रखी। मनरेगा एसबीएम योजना में प्रधान का पूर्ण रूप से प्रशासनिक एवं वित्तीय नियंत्रण एवं भागीदारी सुनिश्निचत करने, जिला स्तरीय डीएमएफटी की कमेटी में प्रधान को सदस्य बनाने, प्रधान की अनुशंषा पर ग्रामीण इलाकों में डीएफएमटी से विभिन्न आवश्यक कार्य स्वीकृत करने के आदेश जारी करने, प्रधान को राजस्थान हाउस, बीकानेर हाउस, सर्किट हाउस व सभी डाक बंगलों में ठहरने की अनुमति देने, प्रदेश के टोल पर प्रधान के वाहनों को टोल मुक्त करने जैसी मांगों की बात भी रखी।

## नेत्र लैंस प्रत्यारोपण शिविर सम्पन्न

**रतनगढ़, (निसं)।** स्थानीय सूर्य सिनेमा के पास श्री परशुराम अतिथि भवन में बुधवार को श्री गौड ब्राह्मण सेवा समिति रतनगढ़, शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर एवं जिला अंधता निवारण समिति जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क मोतियाबिंद जांच एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर सम्पन्न हुआ। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक अभिनेष महर्षि, समिति संरक्षक संतोष बाबू इन्दोरिया, रूबी महर्षि, अध्यक्ष जयाकांत बिंवाल, कार्यकारी अध्यक्ष गौतम महर्षि, मंत्री रामावतार शर्मा, डॉ. शश्या अग्रवाल, शिविर प्रभारी डॉ. लक्ष्मीनारायण शर्मा, डॉ लीलाधर शर्मा, उषा शर्मा (महिला अध्यक्ष) द्वारा भगवान परशुराम के चित्र का पूजन अर्चन कर किया गया। शिविर प्रभारी शर्मा ने बताया कि शिविर में 148 रोगियों का पंजीकरण किया गया। इनमें नेत्र की बिमारियों एवं दृष्टि दोष का उपचार किया एवं मोतियाबिंद के 46 रोगियों को चिन्हित किया। जिनमे 30 रोगियों को लेंस प्रत्यारोपण हेतु मेडिकल फिट पाया गया। मेडिकल टीम में टीना राठौड़, आरती विश्वकर्मा, शिवानी मवासे, अरूणा शेखावत, चंदा यादव ने सेवाएं दी। फिट पाए जाने वाले रोगियों को शंकरा हॉस्पिटल के वाहन से जयपुर ले जाया गया। शिविर में सुरेन्द्र, संदीप, परमेश्वर लाल, ओम प्रकाश, सांवरमल, वासुदेव चाकलान, भवानी शंकर, मुकेश शर्मा, शिवराज सिंह आदि ने सेवाएं दी।

# मोहता बालिका विद्यालय में विधिक सेवा दिवस पर शिविर का आयोजन

**सादुलपुर, (निसं)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चूरू के अध्यक्ष (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) बलजीत सिंह एवं सचिव प्रमोद बंसल जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चूरू, दीपक पाराशर अध्यक्ष ताल्लुका विधिक सेवा समिति के निर्देशन में राजगढ स्थित मोहता बालिका सीनियर सेकण्डरी विद्यालय राजगढ में विधिक सेवा दिवस पर एक कैंप का आयोजन किया गया।

कैंप की अध्यक्षता लीलूराम सिहाग अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने की। इस अवसर पर उनके साथ अभिलाषा जैफ सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, हर्ष मीणा न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय राजगढ आदि उपस्थित थे। प्राचार्य डॉ. सुशिला बलौदा द्वारा पुष्प गुच्छ भेंटकर न्यायिक अधिकारीगणों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात सिहाग ने उपस्थित बालिकाओं को विधिक सेवा प्राधिकरण की स्थापना, कार्य एवं उद्देश्यों के बारे में विस्तार से बताया। इसके अलावा उन्होंने घरेलू हिंसा, मारपीट प्रकरण में एफआईआर दर्ज करवाना एवं बाद की प्रक्रिया के बारे में कानूनी जानकारी दी। तत्पश्चात हर्ष मीणा ने बालिकाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि बालिका शिक्षा से दो परिवार




मोहता विद्यालय में विधिक सेवा दिवस पर कैंप का आयोजन के दौरान बालिकाओं को सम्बोधित करती प्राचार्य डॉ. सुशिला बलौदा।

रोशन होते हैं, समाज में महिलाओं की भागीदारी, साईबर क्राईम, एससी, एसटी एक्ट, विभिन्न कानूनी एवं राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी प्रदान की। शिविर से पूर्व प्रभात फेरी का भी आयोजन किया गया।

शिविर के अंत में प्राचार्या डॉ. बलौदा ने न्यायिक अधिकारिगणों का स्कूल में शिविर के माध्यम से छात्राओं को कानूनी जानकारी देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर अनिता खींचड एन.एस.एस. प्रभारी, सीमा, शमशेर, तौफिक, सुमेरसिंह सहित स्कूल स्टाफ मौजूद रहा। इसी क्रम में माननीय राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सेवा दिवस के अवसर पर यू-ट्यूब के माध्यम से समाज के कमजोर, वंचित एवं पिछडे वर्ग के साथ-साथ बच्चों के हित में प्रसारित वीडियों का प्रसारण किया गया एवं न्यायिक अधिकारीगण एवं स्टाफ द्वारा प्रसारण देखा गया।

## विद्यार्थियों को कानूनी जानकारी दी

**उदयपुरवाटी, (निसं)।** कस्बे के शाकंभरी रोड़ पर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय न्यू उदयपुरवाटी में राजीव गांधी युवा विकास संस्थान कोट की ओर से राष्ट्रीय विधिक साक्षरता दिवस पर विधिक साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाचार्य संगीता मीणा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम संयोजक एडवोकेट मोतीलाल सैनी ने बताया कि लोकतांत्रिक राज्य में समाज के गरीब एवं कमजोर वर्ग के लोगों द्वारा नि:शुल्क विधिक सहायता प्राप्त करना उनका नैसर्गिक अधिकार है। देश की विधि के समक्ष सभी को समानता व उनके लिए समान अवसर के आधार पर न्याय को बढ़ावा देने वाली उचित, निष्पक्ष, न्याय प्रक्रिया व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इसके साथ ही लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण, निशुल्क व अनिवार्य शिक्षा अधिनियम, चाइल्ड हेल्पलाइन, बाल विवाह निषेध अधिनियम, दहेज प्रथा प्रतिषेध अधिनियम, गुड टच बैड टच, बाल तस्करी सहित विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से संचालित योजनाओं के विषय में बताया गया। व्याख्याता सुभाष चंद सैनी ने बताया कि बाल विवाह एक सामाजिक अभिशाप व कानूनी अपराध है। प्रधानाचार्य संगीता मीणा ने सामाजिक बुराईयों के विषय में जानकारी देते हुए आभार व्यक्त किया।

# विभिन्न खेलों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली 15 स्कूलों को ट्रॉफी दी

**झुंझुनूं, (निसं)।** स्थानीय राजस्थान पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय गणपति नगर में चल रही 66वीं जिला स्तरीय 17 व 19 वर्षीय छात्र-छात्रा खेलकूद प्रतियोगिताओं का बुधवार को विधिवत समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पितराम काला मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी झुंझुनूं थे। वहीं अध्यक्षता संस्था सचिव इंजी. पीयूष ढूकिया ने की।

प्रधनाचार्य शुभकरण खीचड़ ने बताया कि समापन समारोह के अवसर पर विभिन्न खेलों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली 15 स्कूलों को ट्रॉफी दी गई। जिनमें प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल झुंझुनूं, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भैंसावता खुर्द, राकेश एकेडमी सीसै स्कूल पिलानी, टैगोर चिल्ड्रन एकेडमी उच्च माध्यमिक विद्यालय सूरजगढ, राजस्थानी शिशु विद्या मंदिर उमावि झुंझुनूं, प्रिंस एकेडमी चनाना, राजस्थान पब्लिक उच्च



समापन समारोह के अवसर पर विभिन्न खेलों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली 15 स्कूलों को ट्रॉफी दी गई।

माध्यमिक विद्यालय झुंझुनूं, सरस्वती उच्च माध्यमिक विद्यालय छावसरी, श्योराण उच्च माध्यमिक विद्यालय डूलानियां, झुंझुनूं एकेडमी झुंझुनूं शामिल है। कुल 76 स्वर्ण, 34 सिल्वर, और 19 कांस्य पदक वितरित कर विजेताओं का सम्मान किया गया तथा विजेता संस्थानों को चैंपियनशिप ट्रॉफी

■ **प्रतियोगिता समापन पर विजेताओं को बांटे मैडल**

से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर संस्था सचिव इंजी. पीयूष ढूकिया ने स्वागत भाषण में अतिथियों का आभार व्यक्त कर सम्मान किया। ढूकिया ने बताया कि खेलों से बौद्धिक क्षमता का विकास होता है। इसलिए विद्यार्थी वर्ग को शतरंज, कुडो और ताइक्वांडो जैसे खेलों में भाग लेना चाहिए। मुख्य अतिथि काला ने बताया कि हमें खेलों में बढ चढकर भाग लेना चाहिए। क्योंकि खेल हमारे शारीरिक व मानसिक विकास में सहायक होते है। इस अवसर पर एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. शिखा सहाय, सुभाष योगी सचिव ताइक्वांडो संघ झुंझुनूं, खेल संयोजक राजकुमार, राजेश मीणा, राजेश नेहरा आदि मौजूद थे।

## मतदाता जागरूकता रैली निकाली

**पाटन, (निसं)।** कस्बे में युवा मतदाताओं को जागरूक करने एवं मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु मतदाता जागरूक रैली निकाली गई, जो पंचायत समिति सभागार से शुरू होकर कस्बे के मुख्य मार्गो से होते हुए पुन पंचायत समिति पहुंची। इस बारे में तहसीलदार मुनेश सर्वा ने जानकारी देते हुए बताया कि मतदाता सूचियों का नवीनीकरण अभियान शुरू किया गया है जो 8 दिसंबर तक जारी रहेगा। इस दौरान एक जनवरी 2022 तक जो व्यक्ति 18 वर्ष का हो गया है वह व्यक्ति अपने बीएलओ से संपर्क कर मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकते हैं, जिससे उस व्यक्ति को मतदान करने का अधिकार प्राप्त हो सके। इसके लिए ऑनलाइन व्यवस्था भी शुरू की जा चुकी है वह व्यक्ति ऑनलाइन भी अपना नाम दर्ज करवा सकता है। जागरूकता रैली के दौरान रैली में चल रहे कार्मिकों के हाथ में पोस्टर था जिसको लोगों ने पढ़ा और समझा।

# सीताराम प्रजापत पीसीसी ओबीसी प्रकोष्ठ के स्टेट कॉर्डिनेटर मनोनीत




सीताराम प्रजापत पीसीसी ओबीसी प्रकोष्ठ के कॉर्डिनेटर का नियुक्ति पत्र सौंपते अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग के चेयरमैन हरसहाय यादव।

**सादुलपुर, (निसं)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अन्य पिछडा वर्ग विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टेन अजय सिंह यादव के निर्देशानुसार हरसहाय यादव चेयरमेन, अन्य पिछडा वर्ग विभाग ने सिद्धमुख के वार्ड 10 निवासी एवं सामाजिक कार्यकर्ता भामाशाह सीताराम प्रजापत को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अन्य पिछडा वर्ग विभाग के स्टेट कॉर्डिनेटर के पद पर नियुक्त किया है।

इसी दौरान सीताराम प्रजापत ने कांग्रेस पार्टी को मजबूती से आगे बढाने का भरोसा दिलवाते हुए राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी प्रकोष्ठ विभाग के प्रदेश कोऑर्डिनेटर बनाए जाने पर राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जून खडगे, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गाँधी, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गाँधी, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पीसीसी अध्यक्ष गोविन्द डोटासरा, राष्ट्रीय अध्यक्ष ओबीसी विभाग कैप्टेन अजय सिंह यादव, ओबीसी विभाग प्रदेशाध्यक्ष हरसहाय यादव, सादुलपुर विधायक एवं राजस्थान क्रीडा परिषद अध्यक्ष पदमश्री डॉ. कृष्णा पूनियां व नेशनल कोऑर्डिनेटर राजेन्द्र सैन का कोटि-कोटि आभार जताया है।

# निरीक्षण के दौरान सूरजगढ़ में आठ कर्मचारी गायब मिले, नोटिस जारी



चिकित्सा संस्थान का निरीक्षण करते सीएमएचओ डॉ. राजकुमार डांगी।

■ **सीएमएचओ डॉ. राजकुमार डांगी ने विभिन्न चिकित्सा संस्थानों का औचक निरीक्षण किया**

**झुंझुनूं, (निसं)।** सीएमएचओ डॉ. राजकुमार डांगी ने बुधवार को विभिन्न चिकित्सा संस्थानों का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सीएमएचओ डॉ. डांगी ने दोपहर 2 बनकर 40 मिनट पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सूरजगढ़ औचक निरीक्षण करने पहुंचे। जहां पर आठ कार्मिक हस्ताक्षर करने के बाद मौके पर अनुपस्थिति मिले। जिन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगते हुए चेतावनी दी गई।

सीएमएचओ ने बताया कि निरीक्षण में एएनएम सुनिला कुमारी, संतोष चौधरी, डीईओ राजेंद्र, संजना, अभिषेक एनएचएम लेखाकार झाबरमल, स्वीपर शंकरलाल व मुन्नीदेवी अनुपस्थिति मिले। सीएमएचओ डॉ. डांगी ने सीएचसी प्रभारी डॉ. हरेंद्र को समुचित साफ सफाई करवाने के निर्देश दिए। साथ चिरंजीवी योजना में ज्यादा से ज्यादा मरीजों की टीआईडी बुक कर निशुल्क उपचार देने के निर्देश दिए। सीएमएचओ ने सभी कर्मियों को निर्देशित किया कि कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अब रेगुलर औचक निरीक्षण किए जाएंगे। जिसमें फिर से अनुपस्थित मिलने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। इससे पूर्व सीएमएचओ ने न्यू कॉलोनी डिस्पेंसरी और पुलिस लाइन डिस्पेंसरी का औचक निरीक्षण किया। जहां पर स्टाफ मौजूद मिला। डिस्पेंसरी पर नाम लिखवाने, साइन बोर्ड लगवाने सहित अन्य व्यवस्था सुधार के लिए निर्देश दिए।

# कृषि विज्ञान केंद्र, चांदगोठी ने जल शक्ति अभियान के तहत प्रशिक्षण दिया

**सादुलपुर, (निसं)।** कृषि विज्ञान केंद्र, चाँदगोठी (चूरू) द्वारा जल शक्ति अभियान 'कैच द रेन' ग्रामीण क्षेत्रों में जल स्त्रोत की स्थिरता सुनिश्चित करने तथा मंत्रालय द्वारा लागू किये जा रहे जल शक्ति अभियान के अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. आर. के. शिवरान ने बताया की राष्ट्रीय जल मिशन योजना एकीकृत जल संसाधन विकास और प्रबंधन के माध्यम से पानी के संरक्षण, अपव्यय को कम करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। इस प्रशिक्षण के मुख्य अतिथि स्वामी ओम सम्पूर्ण स्वतंत्र ने कृषकों से मानसून की शुरुआत से पहले कृत्रिम पुनर्भरण संरचनाओं का निर्माण, मौजूदा तालाबों और जल निकायों को पुनर्जीवित करके नए जल निकायों का निर्माण, सूक्ष्म सिंचाई योजना आदि विषयों पर विस्तार में चर्चा की। इस प्रशिक्षण में सिंचाई की ड्रिप प्रणाली की



कृषि विज्ञान केंद्र, चांदगोठी ( चूरू ) द्वारा जल शक्ति अभियान 'कैच द रेन' कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि स्वामी ओम सम्पूर्ण स्वतंत्र को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मान करते केन्द्र के वैज्ञानिक।

उन्नत विधि अपनाने को कहा गया, जिसके प्रयोग से सिंचाई जल की पर्याप्त बचत की जा सकती है। यह विधि मृदा के प्रकार, खेत के ढाल, जल के स्त्रोत और किसान की दक्षता के अनुसार अधिकतर फसलों के लिए अपनाई जा सकती हैं। ड्रिप विधि की सिंचाई दक्षता लगभग 80-90 प्रतिशत होती है। फसलों की पैदावार बढने के साथ-सथ इस विधि से उपज की उच्च गुणवत्ता, रसायन एवं उर्वरकों का दक्ष उपयोग, जल के विक्षालन एवं अप्रवाह में कमी, खरपतवारों में कमी और जल की बचत सुनिश्चित की जा सकती है। इस प्रशिक्षण में कृषि महाविद्यालय, चाँदगोठी के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

वहीं प्रधान मंत्री ने भी नागरिकों को जल संरक्षण के लिए हाथ मिलने और स्वच्छ भारत मिशन की तरह एक जन आंदोलन बनाने और भविष्य सुरक्षित करने के लिए आहन किया है। जल शक्ति अभियान के माध्यम से सरकार का लक्ष्य हर घर पीने का पानी उपलबद्ध कराना है तथा इस योजना का उदेशय जल पुनर्भरण और वनीकरण योजनाओं के तहत जल संरक्षण की गतिविधियों में तेजी लाना है। प्रशिक्षण के तहत कृषकों को थारशोभा खेजरी के पौधे वितरित किए गए तथा भूमिगत जल स्तर को सुधारने हेतु हर संभव प्रयास करने को प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर केंद्र के डॉ. अदिति गुप्ता, भवानी शंकर व बहादुर आदि उपस्थित रहे।